

# वन विभाग कोलारस की अतिक्रमण मुहिम में बड़ी कार्रवाई, 50 बीघा वनभूमि कराई मुक्त

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 30 अप्रैल।** जिले के कोलारस क्षेत्र में अवैध रूप से वन भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 50 बीघा वन भूमि को मुक्त कराया गया है। यह कार्यवाही सामान्य वनमण्डल शिवपुरी के अंतर्गत अतिक्रमण निरोधी मुहिम के तहत की गई जिसमें वन परिक्षेत्र कोलारस की सबरेंज खरई दक्षिण में प्रभावी कार्रवाई की गई, इसके साथ ही बीट कोटानाका-अ (कक्ष क्रमांक पीएफ 1190) एवं बीट कोटानाका-ब (कक्ष क्रमांक पीएफ 1191) की वन भूमि पर लगभग 10 वर्षों से अधिक समय से किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। यह कार्यवाही सामान्य वन मण्डल सुधांशु यादव एवं उप वन मण्डल अधिकारी आदित्य शांडिल्य के निर्देशन में कोलारस वन परिक्षेत्राधिकारी गोपाल सिंह के द्वारा की गई।




सामान्य वन मण्डल शिवपुरी ने बताया कि संबंधित अतिक्रमणकर्ता द्वारा लगभग 50 बीघा वन भूमि पर अवैध रूप से खेती की जा रही थी। प्रकरण में आवश्यक दस्तावेजी एवं वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण किए जाने के पश्चात सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी बेदखली आदेश के पालन में वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एवं वन परिक्षेत्राधिकारी अधिकारी कोलारस गोपाल सिंह जाटव के नेतृत्व में वन अमले द्वारा की गई। कार्यवाही के दौरान 2 जेसीबी मशीन एवं 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली की सहायता से अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराते हुए कंटूर ट्रेंच खुदाई कराई गई। मौके पर पाए गए एक कुंए को भी भर दिया गया। वन विभाग द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को समझाइश दी गई कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन भूमि पर अवैध गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## मानवाधिकार आयोग के वीरेन्द्र माथुर बने आयोग मित्र



**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग, भोपाल अध्यक्ष डॉ अवदेश प्रताप सिंह द्वारा जिले में मानवाधिकार जागरूकता एवं संरक्षण को मजबूत करने के उद्देश्य से वीरेंद्र माथुर को आयोग मित्र (स्वयंसेवी) के रूप में नामांकित किया गया है। आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार श्री माथुर को शिवपुरी जिले के भौगोलिक क्षेत्र में आगामी दो वर्षों के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनसे अपेक्षा की गई है कि वे मानवाधिकारों के संरक्षण, संवर्धन एवं जनजागरूकता से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। आयोग ने विश्वास व्यक्त किया है कि श्री माथुर अपनी निष्ठा, दक्षता और योग्यता के आधार पर आयोग के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेंगे तथा प्रतिमाह किए गए कार्यों का विवरण निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करेंगे। इस नियुक्ति के साथ ही जिले में मानवाधिकारों से जुड़े मामलों के प्रति जागरूकता बढने् और आमजन को त्वरित सहायता मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# जन समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 30 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी जिला शिवपुरी के नेतृत्व में जिलाअध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, संगठन मंत्री योगेश शर्मा, शहर अध्यक्ष आयुष गोयल के मार्गदर्शन में कलेक्टर को शहर की ज्वलंत समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से शहर की खुदी हुई एवं जर्जर सड़कों तथा भीषण जल संकट का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया।

आम जनता इन समस्याओं से बेहद परेशान है और कई क्षेत्रों में लोगों को पीने के पानी तक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि 10 दिनों के भीतर इन समस्याओं का समाधान प्रारंभ नहीं किया गया, तो पार्टी द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी रुद्र प्रताप सिंह सेंगर, दीपक कुशवाहा, महिला विंग अध्यक्ष नीतू परिहार, विवेक भार्गव, बालकृष्ण शर्मा, भूपेंद्र विकल, मनीष बंसल, शिवम शिवहरे, लक्ष्मण मौर्य, लक्ष्मी आदिवासी, सरोज कुशवाहा, एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर जनता की आवाज बुलंद की।



### आज इन क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**शिवपुरी।** 11 के. व्ही भेड़ फार्म फीडर पर मेंटीनेंस का कार्य किये जाने के कारण 01 मई को उक्त फीडर से जुड़े समस्त क्षेत्रों में का विद्युत प्रदाय बन्द रहेगा। उक्त 11 के. व्ही भेड़ फार्म फीडर के बंद रहने से सुबह 6 से प्रातः 11 बजे तक माधव नगर, गणेश कालोनी, नबाव सहाव रोड, वर्मा कालोनी, टोगरा रोड के पास, आई.टी.बी.पी. गेट के सामने, राईन मार्केट इत्यादि क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

## सतनवाड़ा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण, निर्बाध जल आपूर्ति के निर्देश

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 30 अप्रैल।** एसडीएम शिवपुरी आनंद राजावत ने गुरूवार को सतनवाड़ा क्षेत्र स्थित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आगामी ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए शहर में नियमित एवं निर्बाध जल प्रदाय सुनिश्चित किया जाए, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। एसडीएम ने बताया कि फिल्टर प्लांट की खराब मशीनों में सुधार कर लिया गया है। पूर्व में एक मशीन एवं एक स्टार्टर में आई खराबी को दूर कर दिया गया है। साथ ही एक मोटर को स्टैंडबाय में रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आवश्यकता पडने् पर वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से जल आपूर्ति प्रभावित न हो। निरीक्षण के दौरान एई सचिन चौहान, उपयंत्री राकेश कुमार सहित संबंधित इंजीनियर्स उपस्थित रहे। नगर पालिका क्षेत्र में जल प्रदाय से संबंधित समस्या के निराकरण हेतु कंट्रोल रूम गठित

नगर पालिका क्षेत्र में आगामी ग्रीष्मऋतु में पेयजल समस्या के दृष्टिगत आम नागरिकों की समस्या निराकरण हेतु कंट्रोल रूम का गठन किया जाता है। आम नागरिक जल प्रदाय से संबंधित अपनी समस्या कंट्रोल रूम के मोबाईल नम्बर 9202140627 पर बता सकते हैं। कंट्रोल रूम में आवश्यक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें जितेन्द्र रजक (मो. 9302701881) प्रात: 06 बजे से सांय 02 बजे तक, जमालुद्दीन खान, डाटा एंट्री ऑपरेटर कार्यालय आरईएस (मो. 8319146244) दोपहर 1.30 बजे से रात्रि 09 बजे तक रहेगी। उपरोक्त कर्मचारी नागरिकों से प्राप्त होने वाली पेयजल से संबंधित समस्या को पंजी में दर्ज कर नगरपालिका के जोन प्रभारी/उपयंत्री को अवगत करायेंगे तथा समस्या का निराकरण होने के पश्चात् पंजी में दर्ज करेंगे। कंट्रोल रूम प्रभारी रमेश कुमार, सिंह सिटी मिशन मैनेजर (7987169492) रहेंगे तथा प्रतिदिन की जा रही कार्यवाही के संबंध में कार्यालय अपर कलेक्टर शिवपुरी को अवगत करायेंगे।



# कलेक्टर ने सतनवाड़ा सोसायटी क्षेत्र में उपार्जन केन्द्र शशिचन्द्र वेयरहाउस का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 30 अप्रैल।** जिले में बनाए गए विभिन्न उपार्जन केन्द्रों पर मप्र शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। उपार्जन कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हो, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा स्वयं जिले में सतत् रूप से विभिन्न उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर उपार्जन कार्य और केन्द्रों पर किसानों की सुविधा हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

### उपार्जन प्रक्रिया, उपज की गुणवत्ता, बारदाने की उपलब्धता सहित व्यवस्थाओं का लिया जायजा

इसी क्रम में गुरूवार को कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा सतनवाड़ा क्षेत्र में उपार्जन केन्द्र शशिचंद वेयरहाउस, सतनवाड़ा सोसायटी में उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा उपार्जन कार्य, उपज की गुणवत्ता, तुलाई कार्य सहित केन्द्र पर किसानों के लिए की गईं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया और मौजूद व्यवस्थाओं पर वेयरहाउस संचालक को किसानों के लिए उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं को लेकर प्रसन्नता जताई। उन्होंने उपज विक्रय हेतु आए किसानों से भी चर्चा की। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर जे.पी.गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर मोतीलाल अहिरवार, शशिचन्द्र वेयहर हाउस संचालक एड.विशाल भारद्वाज अन्य किसान एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



**किसानों से चर्चा कर वेयरहाउस की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर ने ली जानकारी :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने उर्पाजन केन्द्र सतनवाड़ा सोसायटी पर संचालित शशिचन्द्र वेयरहाउस पर किसानों से तुलाई, पेयजल, बैठक व्यवस्था के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। यहां भानगढ़ निवासी कृषक सुल्तान सिंह धााकड़ ने बताया कि इस वेयरहाउस पर किसानों के लिए कोई समस्या नहीं है, सब ठीक है। वहीं एक अन्य कृषक बृजेश धाकड़ से जानकारी लेने पर बताया कि उनसे तुलाई के रूपए लिए गए है, जिस पर कलेक्टर ने तुरंत संबंधित तुलाई करने वाले व्यक्ति को बुलाकर कृषक के रूपए वापस कराए ।

**निरीक्षण में पेयजल व्यवस्था को भी परखा :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने उपार्जन केन्द्र पर किसानों को लिए रखे गए पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान केन्द्र प्रभारी ने बताया कि जहां ट्यूबवेल लगा हुआ है, उसकी के पास छाया में किसानों के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई है।

**सर्वेयर से गेहूं की जांच के संबंध में ली जानकारी :** उपार्जन केंद्र पर व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने शशिचंद बेयर हाउस सतनबाड़ा सोसायटी पर स्थित सर्वेयर से गेहूं की जांच के संबंध में जानकारी ली।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 : नपा के द्वारा ऑनलाइन सिटीजन फीडबैक हुआ शुरू

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 30 अप्रैल।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर-चंबल संभाग में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिए टीमों की दस्तक के बाद शिवपुरी में भी सफाई व्यवस्था पर जोर नजर आने लगा है। वहीं केंद्र सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने ऑनलाइन सिटीजन फीडबैक की शुरूआत कर दी है। साल 2011 की जनगणना के हिसाब से 10 प्रतिशत शहरी (वार्ड 1-39)तक के लोगों का शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर सवालों के जवाब देना है। नपा सीएमओ ईशांक धाकड़ ने सभी शहरवासियों के शहर की बेहतर सफाई व्यवस्था को लेकर दिए गए सवालों से अपनी राय देने को कहा है, क्योंकि जनता की इसी राय के आधार पर नगर पालिका शिवपुरी को 1000 अंक मिलेंगे। यह सिटीजन फीडबैक 30 मई तक चलेगा। रहवासियों को अपने मोबाइल से सिटीजन फीडबैक देना होगा और आखिर में सबमिट करते वक्त जो ओटीपी आएगा, उसको जरूर डालना है, बिना उसके सिटीजन फीडबैक की प्रक्रिया पूरी नहीं होगी।

**नगरवासी ऐसे दे सकते हैं अपना फीडबैक :** नगरवासी अपना फीडबैक देने के लिए लिंक पर क्लिक करते ही गेट स्टार्ट पर क्लिक करना है। मोबाइल नंबर दर्ज करने के उपरांत गेट ओटीपी पर क्लिक करें। भाषा का चयन कर स्टार्ट सर्वे पर क्लिक करें।

**ये होंगें सवाल, जिनका फीडबैक सबमिट करते समय ओटीपी जरूरी डालें:** इन सवालों में क्या आपके घर-दुकान से

### नगरवासी 30 मई तक दें अपनी राय, जनता की राय नपा को दिलाएगी 1000 अंक

रोजाना कचरा उठता है, क्या आपका घर.दुकान कचरे को फेंकने से पहले कम से कम सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग करता है, क्या कचरा उठाने वाला कचरा अलग-अलग तरीके से (कैटेगरी के अनुसार)उठाकर गाड़ी में डालता है या उठाने/लोड करने के दौरान उसे मिला देता है, क्या आपके इलाके में रोजाना झाड़ू लगती है, आप अपने इलाके की साफ.-सफाई को साफ.-सफाई के मामले में कैसे रेट करेंगे, आप अपने इलाके के आसपास कितनी बार लावारिस कूड़े के ढेर या कचरे के ढेर को देखते है, आपके अनुसार स्थानीय प्रशासन मार्केट, बाजार, पार्क, गार्डन या दूसरी जगह जैसी सार्वजनिक जगहों पर साफ.-सफाई बनाए रखने में कितनी असरदार है, क्या आप लोगों को खुलेआम सार्वजनिक जगहों पर या आसपास शौच करते हुए देखते है, आप अपने इलाके के सार्वजनिक शौचालय की सफाई और रख-रखाव से कितने संतुष्ट हैं, क्या आप अपने शहर में वेस्ट मैनेजमेंट के लिए रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकल (आरआरआर) सेंटर के बारे में जानते है, आप लोकल अधिकारियों को सफाई से जुड़ी समस्याएं (जैसे कचरा फेंकना, कूड़ेदानों का ओवरफ्लो होना, साफ.-सफाई की कमी)को कैसे बताते हैं। आप शहर की सफाई से संबंधित शिकायतों (जैसे कचरा फेंकना, कूड़ेदानों का ओवरफ्लो होना)पर प्रतिक्रिया दे।

**इनका कहना है...**

सिटीजन फीडबैक चालू हो गया है जो आगामी 30 मई तक चलेगा, इस चलने वाले फीडबैक में शहरवासियों को अपनी राय देना है, उनकी बेहतर राय से ही शहर को 1000 अंक मिलेंगे, इसकी शुरुआत नगर पालिका परिषद शिवपुरी ने अपनी बैठक से ही कराई है।

**इशांक धाकड़**
**सी.एम.ओ.**
**नगर पालिका परिषद शिवपुरी**

# पूजपाठ के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को दबोचा

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 30 अप्रैल।** थाना कोतवाली के द्वारा पूजपाठ के नाम पर धोखाधडी करने वाले आरोपी को ना केवल दबोचा गया बल्कि आरोपी के कब्जे से धोखाधड़ी कर ली गई रकम जिसमें दो सोने के मंगलसूत्र, सोने के टोप्स व घटना में प्रयुक्त एक्टिवा भी बरामद किया गया। कोतवाली पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

जानकारी के अनुसार बीती 23 अप्रैल को थाना कोतवाली में फरियादिया श्रीमती रविना पत्नि बब्लू ओझा उम्र 25 साल नि. रातौर पुलिया के पास ने रिपोर्ट किया कि जब वह घर पर अकेली थी व्यक्ति आया और बोला की तुम परेशान लग रही हो तुम्हारे घर पर सब ठीक नही है तुम्हारे पति धन्धा नहीं करते हैं, मैं पूजापाठ कर देता हूं जिससे तुम्हारे घर पर सब ठीक हो जायेगा और फरियादिया से पूजापाठ के नाम पर 02 सोने के मंगलसूत्र व सोने के टोप्स धोखधडी कर ले गया। फरियादिया की रिपोर्ट पर अप.क्र. 307/26 धारा 318 (4) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। जिस पर आरोपी की पहचान आरोपी दीपक उर्फ राजू पुत्र वीरेन्द्र विश्वकर्मा उम्र 35 साल निवासी दुवे कालोनी अशोक नगर के रुप में हुयी, जिसे कोतवाली पुलिस के द्वारा गुरूवार को गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी तो आरोपी व्दारा अशोकनगर में माल बेचना बताया जहां अशोकनगर से पुलिस ने आरोपी व्दारा धोखाधडी में प्राप्त दो मंगलसूत्र व सोने के टोक्स जप्त किये। आरोपी से घटना में प्रयुक्त स्कूटी भी जप्त की गयी। उक्त आरोपी पर पूर्व से चोरी के कई अपराध दर्ज थे। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली रोहित दुबे, उनि.सुमित शर्मा, सउनि विवेक भट्ट, प्र.आर. गजेन्द्र परिहार, प्र. आर. अवतार सिंह, आर. राहुल कुमार, आर. महेन्द्र तोमर, आर. देशराज मावई की विशेष भूमिका रही।



दो सोने के मंगलसूत्र, सोने के टोप्स व घटना में प्रयुक्त एक्टिवा सहित माल किया बरामद








